

## एक नजर में

### युवा संगम का आयोजन 17 अप्रैल को

**राजगढ़ 13 अप्रैल, का.** प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि युवा संगम (रोजगार, अपरेंटिस एवं स्वरोजगार मेला) का आयोजन शासकीय आईटीआई राजगढ़ में 17 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा. इच्छुक आवेदक जिनकी न्यूनतम योग्यता 10 वीं से स्नातक तथा आईटीआई उत्तीर्ण है एवं आयु 18 वर्ष से 30 वर्ष के बीच हैं, युवा संगम में सम्मिलित हो सकते है. युवा संगम/रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाली कंपनी/संस्थान में कुल पद 425, जिनमे वेतनमान 10 हजार रूपये से 20 हजार रूपये तक प्राप्त हो सकता हैं. रोजगार के इच्छुक आवेदक युवा संगम में उपस्थित होने से पूर्व रोजगार कार्यालय की वेबसाइट पर पंजीयन अवश्य करें.

### मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन 19 को

**राजगढ़ 13 अप्रैल, का.** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यावरा द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह / निकाह योजनांतर्गत विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल को कृषि उपज मंडी प्रागण ब्यावरा में आयोजित किया जाएगा.

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

**राजगढ़ 13 अप्रैल, का.** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें. विशेष रूप से बॉटम-5 में शामिल विभागों को एक सप्ताह के भीतर अपनी रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए गए. बैठक के दौरान समय-सीमा के लंबित आवेदनों पर बिंदुवार (1-2-1) चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.

### बाबा अम्बेडकर जयंती आज

**राजगढ़ 13 अप्रैल, का.** आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम को लेकर भी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में हितग्राहियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उनके आवागमन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं. बैठक में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे.

### लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

**राजगढ़ 13 अप्रैल, का.** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण एवं पुराने अभिलेखों को सुरक्षित रूप से संधारित करें. उन्होंने कहा कि दस्तावेजों का डिजिटलीकरण सुनिश्चित करते हुए उन्हें पेनड्राइव अथवा ई-ऑफिस प्रणाली में सुरक्षित रूप से रिकॉर्ड किया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर आसानी से उपलब्ध हो सकें.

# सीमावर्ती अस्पतालों को पहली बार 8 स्पेशलिस्ट मिले

## जीरापुर, खिलचीपुर और माचलपुर को पहली बार बड़ी संख्या में डॉक्टर मिले, प्रसूति, एनेस्थिया और एमडी होंगे तैनात

**खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र में 8 नए डॉक्टर, स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा**




नवभारत न्यूज

**जीरापुर 13 अप्रैल, सं. विधायक हजारी लाल दांगी के लगातार प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के जीरापुर माचलपुर खिलचीपुर में आठ नए डॉक्टर्स की नियुक्ति हुई. जिसमें 4 डॉक्टर सिविल अस्पताल खिलचीपुर, 3 डॉक्टर सिविल अस्पताल जीरापुर तथा 1 डॉक्टर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माचलपुर में अपनी सेवाएं देंगे.**

विधायक हजारीलाल दांगी ने बताया कि उनके द्वारा लगातार आयुक्त स्वास्थ्य विभाग भोपाल, स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल, मुख्य मंत्री मोहन यादव से सम्पर्क कर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए डाक्टर की नियुक्ति करवाई गई. उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरों के मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा इन अस्पतालों में मिल सकेगी. अधिकांश ऐसे मरीज रहते हैं. जिन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अन्यत्र जाना पड़ता है. उन्हें स्थानीय स्तर पर प्राथमिक तौर पर आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके. क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी के प्रयासों से सिविल अस्पताल जीरापुर के लिए तीन डॉक्टर डॉ निलेश कुमार एनेस्थिसियोलॉजी, डॉ पूजा पटेल जनरल मेडिसिन और डॉ शिखा मीना स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ व एक डॉक्टर माचलपुर अस्पताल के लिए डॉ आकाश मीणा की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं. स्वास्थ्य विभाग को मिली सौगात को लेकर मुख्यमंत्री डा मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला विधायक ने आभार व्यक्त किया.

### अब अस्पताल भवनों की सुविधा बढ़ाएंगे



हमारी मांग पर स्वास्थ्य विभाग और मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए बड़ी संख्या में चिकित्सकों की स्वीकृति दी है. इसके लिए स्थानीय जिला चिकित्सा कार्यालय और जिला प्रशासन ने भी सहयोग किया. स्टाफ की पर्याप्त तैनाती के साथ ही हमारा लक्ष्य अस्पताल भवनों की सुविधा और संख्या बढ़ाना है. जीरापुर के नवीन अस्पताल भवन को जल्द चालू करवाएंगे और साथ ही आने वाले समय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए नए भवनों की मांग रखेंगे. जैसे रामगढ़ में नए अस्पताल भवन की मांग की जा रही है. साथ ही अस्पतालों में मशीनों, लैब और बिस्तरों की संख्या में उन्नयन के लिए भी हमने स्वास्थ्य मंत्रालय से मांग रखी है. उम्मीद है जल्द ही हम शेष सुविधाएं भी यहां लेकर आए जिससे मरीजों को और सुविधा मिल सके.

### ये चिकित्सक देंगे अपनी सेवाएं

स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्रीय विधायक की मांग पर खिलचीपुर सीमावर्ती अस्पतालों में ये पहली बार है जब एक साथ इनती संख्या में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की गई है. जीरापुर, माचलपुर और खिलचीपुर अस्पतालों में यहां के राजस्थान सीमा से लगे मप्र और राजस्थान के गांवों के लोग ईलाज के लिए आते है. सुविधाएं नहीं होने से कई बार मरीज झालावाड़ जाते है. वहीं अब इन सभी मरीजों को ईलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा. साथ ही जटिल उपचार, मेजर केस में भी मरीजों को बड़ी सुविधा मिलेगी. विशेषज्ञों की तैनाती से चिकित्सा की सुविधाएं और माहौल भी बदलेगा. सिविल अस्पताल मे चार डॉक्टरों की पदस्थापना स्वीकृत की है. इनमें डॉ इति वर्मा दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ प्रियंका एनेस्थिसियोलॉजी, डॉ संजय राठौड़ जनरल सर्जन एवं डॉ ऋषु सिंह स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ तैनात होंगी. इनकी पदस्थापना के आदेश जारी किए गए है. साथ ही सिविल अस्पताल जीरापुर के लिए तीन डॉक्टर डॉ निलेश कुमार एनेस्थिसियोलॉजी, डॉ पूजा पटेल जनरल मेडिसिन और डॉ शिखा मीना स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ व एक डॉक्टर माचलपुर अस्पताल के लिए डॉ आकाश मीणा की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं. इतनी बड़ी संख्या में विशेषज्ञ डॉक्टरों के आने से क्षेत्र मे स्वास्थ्य सुविधाएं और सुचारु रूप से संचालित होगी. जिसका फायदा समस्त क्षेत्र वासियों को मिलेगा. विधायक ने स्वास्थ्य विभाग को मिली सौगात के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का आभार व्यक्त किया है.

### सियाचिन दिवस एवं ऑनलाइन नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का किया प्रसारण

**राजगढ़ 13 अप्रैल, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में सोमवार को करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत सियाचिन दिवस एवं नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का संयुक्त एवं गरिमामय आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा महिला सशक्तिकरण के महत्व को समझाना रहा. कार्यक्रम की शुरुआत सियाचिन दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई. इस अवसर पर 13 अप्रैल, 1984 को भारतीय सेना द्वारा प्रारंभ किए गए ऑपरेशन मेघदूत को स्मरण किया गया. विद्यार्थियों को सियाचिन ग्लेशियर की विषम परिस्थितियों में तैनात भारतीय सैनिकों के अद्वितीय साहस, पराक्रम एवं बलिदान से अवगत कराया गया. अपने संबोधन में उन्होंने महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका तथा समाज में उनकी बढ़ती भागीदारी पर विशेष जोर दिया. विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने इस संबोधन को बड़े ध्यानपूर्वक सुना और इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीबी खरे द्वारा की गई.



# एकादशी पर 51 किलो के फूलों से हुआ श्रृंगार



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 अप्रैल, का. नगर में स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर में सोमवार को वरुथिनी एकादशी पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए.** सुबह मंगला आरती से शुरू हुआ दर्शनों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा. जिसमें स्थानीय और दूर-दराज के क्षेत्रों से भक्त बाबा के दर्शन करने मंदिर पर पहुंचे.

उज्जैन के फूलों से हुआ दिव्य श्रृंगार

पर्व के अवसर पर बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया. मंदिर प्रबंधन ने उज्जैन से मंगाए गए 51 किलो ताजे फूलों से प्रतिमा को सजाया. पूरे मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा और पुष्पमालाओं से भव्य सजावट की गई थी.

**नगर से पहुंची निशान यात्राएं** एकादशी पर विभिन्न क्षेत्रों से ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य निशान यात्राएं निकाली गईं. पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली निशान यात्रा मुख्य आकर्षण रही. श्रद्धालु नाचते-गाते मंदिर पहुंचे और बाबा के दरबार में निशान अर्पित किए.

**पुलिस बल तैनात रहा** - भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया और सुचारू आवागमन के लिए यातायात डायवर्ट किया. स्वयंसेवकों और नगर सुरक्षा समिति ने कतारबद्ध दर्शन कराने में सहयोग किया. श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी.

### उचित मूल्य दुकान का आवंटन हेतु ऑनलाइन आवेदन

**राजगढ़ 13 अप्रैल, का.** मध्यप्रदेश शासन के पोर्टल पर नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानो के आवंटन हेतु 2 दुकान विहीन ग्राम पंचायतो के आवंटन के लिए नियमानुसार पात्र सनितियों हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. ग्राम पंचायतों हेतु नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानो आवटन के लिए मध्यदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के अनुसार कडिका 8 (1) सहपठित अनुसूची दो में संशोधन 11 अप्रैल, 2016 (परिशिष्ट दो) के अनुसार उचित मूल्य दुकान आवंटन हेतु निम्नांकित संस्थाए / समूह / समिति पात्र है.

# फंदे पर झूलता मिला युवती का शव, पुलिस जांच में जुटी

## भवानीपुरा गांव की घटना, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए खिलचीपुर अस्पताल भेजा शव

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 13 अप्रैल, सं.** भोजपुर थाने के भवानीपुरा गांव में सोमवार को 28 वर्षीय युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. मृतका की पहचान बिरमी बाई के रूप में हुई है. युवती का शव मिलने के बाद गांव में कौतूहल मच गया. घटना की सूचना मिलते ही भोजपुर थाना प्रभारी अजय यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए खिलचीपुर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों व पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है.

### पुलिस घटना की जांच में जुटी

प्रारंभिक जांच में युवती द्वारा फांसी लगाने के कारणों का अभी तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है. घटना की जानकारी मिलते ही



इलाके में सनसनी फैल गई और युवती के घर के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई. पुलिस हर संभावित पहलू से मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है. सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी अजय यादव के नेतृत्व में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. शव को पोस्टमार्टम के लिए खिलचीपुर अस्पताल भेजा जा रहा है. घटना के पीछे की असल वजह सामने आ सके, इसके लिए पुलिस मृतका के परिजनों और आसपास के लोगों के बयान दर्ज कर रही है.



## महिलाओं के नेतृत्व की दिशा में क्रांतिकारी कदम

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 13 अप्रैल, का.** जिला भाजपा कार्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को देखा गया तथा प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर दिव्या गुप्ता द्वारा प्रेस वार्ता की गई. भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजन हुआ. प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर दिव्या गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में लाया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिलाओं को नीति निर्माण एवं नेतृत्व में अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर उस 50 प्रतिशत आबादी को सशक्त आवाज देता है, नारी शक्ति अधिनियम महिलाओं को राज्यसभा एवं लोकसभा में स्थाई प्रतिनिधित्व प्रदान करेगा,

इस अवसर पर जिला महामंत्री देवीसिंह सोंधिया, ममता इंदौरिया, जिला सह मीडिया प्रभारी जगदीश दास, कार्यालय मंत्री श्याम मंडलोई, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य उपस्थित रहे.

# पुस्तक मेले में कम ही नजर आये खरीददार

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 अप्रैल, का. अभिभावकों और बच्चों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों के लिए पुस्तके, ड्रेस, बेग सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री को सुलभ ओर रियायती दरों पर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 13 अप्रैल से नगर मे पुस्तक मेले का शुभारंभ हुआ.**

पुस्तक मेले में अभिभावक, बच्चे पहुंचे किंतु तीन दिवसीय मेले के पहले दिन खरीददारों की संख्या प्रायः कम ही नजर आयी. राजगढ़ रोड पर मुक्तिधाम मार्ग स्थित वल्लभा परिसर में मेले का आयोजन किया जा रहा है. जनप्रतिनिधियों के द्वारा मेले का शुभारंभ किया गया. एसडीएम गोविंद कुमार दुबे ने कहा कि यह मेला बच्चों ओर पालकों को सहज सुलभ और रियायती दरों पर पुस्तके और शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए आयोजित किया गया है. इसका समुचित प्रचार प्रसार करें और अधिक से अधिक अभिभावकों को इसका लाभ मिल सके ऐसा प्रयास सभी को करना चाहिए.



मेले के शुभारंभ अवसर पर पूर्व जिपं अध्यक्ष जसवंत सिंह गुर्जर, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, भाजपा नेता अमित शर्मा अतिथि के रुप में उपस्थित रहे. वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों में बच्चों व पालकों की ओर अधिक भागीदारी हो. प्रत्येक शाला में कोर्स यथावत प्रतिवर्ष बना रहे, परिवर्तन न हो ताकि पुस्तकें अन्य बच्चों को अगले साल काम आ सके. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पीपलहेला जयेंद्र गुर्जर, पार्षद गोपाल जाटव, विष्णु साहू, रामबाबू प्रजापति, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पवन शर्मा, दीपक सांवरे, बृजेश यादव, तहसीलदार आनंद जायसवाल, सीएमओ इकरार अहमद, बीईओ दिलीप कुमार शर्मा, बीआरसी जी.के. दुबे, लोकेश नामदेव, सुरेश भदौरिया, कुलदीप यादव, प्रमोद सक्सेना, डी. एल. मालवीय उपस्थित रहे.

**ध्यानाकर्षण** रपटो की नहीं सुध, बारिश में जलमग्न हो जाते हैं रपटे, हाईट बढ़ाने से होगी बारिश में बेहतर आवाजाही

# रपटों की नहीं ली सुध, इस बारिश में भी बंद होंगे रास्ते

**रपटो की हाईट बढ़ाने किसी प्रकार की कोई पहल नहीं**

**रपटो पर पानी आने से आवाजाही घंटो तक थम जाती हैं**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 अप्रैल, का. बारिश के दिनों में कई मुख्य मार्गो के रास्ते पर मौजूद रपटें जलमग्न होने से आवाजाही थम जाती है, एक बार फिर आने वाले बारिश के दिनों में इसी तरह के हालातों से गुजरने को मजबूर होना पड़ेगा. क्योंकि अत्यधिक नीचे की और स्थित रपटो की हाईट बढ़ाने किसी प्रकार की कोई पहल नहीं हो सकी है.**

गौरतलब है कि घुरेल मार्ग, बिसौनिया मार्ग सहित कई जगह पर नदी, नालों पर बनी रपटो की हाईट बहुत ही नीचे की ओर होने से बारिश में आये दिन रपटो पर पानी आने से आवाजाही घंटो तक थम जाती है.

### कई बार जलमग्न हो जाता है रपटा

सुठालिया रोड पर स्थित प्रसिद्ध घुरेल धाम के सामने से गुजर रही घोड़ापछाड़ नदी पर काफी कम हाईट का रपटा बना हुआ है, जो थोड़ी बहुत बारिश होने पर ही जलमग्न हो जाता है. गत बारिश में सावन माह में कई बार रपटे पर पानी आने से आवागमन कई घंटे तक बंद रहा. जिसके कारण कई गांवों का आवागमन रुक गया तथा श्रद्धालुओं को घुरेल धाम पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा.

इस रपटे से होकर ग्राम लालपुरिया, रतनपुरिया, भूकनी, बरखेड़ी, कांदरियाखेड़ी, सारसियाबे, तरैना, हयातपुरा, टोंका, नेठाठारी पहुंचने का रास्ता जाता है. रपटे के स्थान पर हाईट देते हुए पुलिया निर्माण किए जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है ताकि बारिश के दिनों में आवागमन बाधित न हो. किंतु इस और कोई ठोस पहल नहीं होने से इस बारिश में भी इस समस्या का सामना करने को मजबूर होना पड़ेगा.

### बिसौनिया मार्ग के रपटे पर भी आ जाता है पानी

ब्यावरा-सुठालिया मार्ग पर ही बिसौनिया जाने वाले मार्ग पर भी इसी तरह की समस्या बारिश में निर्मित होती है. मार्ग पर मौजूद रपटे की हाईट भी कम होने से बारिश में चाहे जब आवागमन बाधित हो जाता है. यह मार्ग ग्राम बेड़ाबे, हरनाथपुरा, नापानेरा, नेवज, नेवली, बांसखो, तलावपुरा, धोलाभाटा, बिसौनिया जाने के लिए मुख्य मार्ग है.





# औचक निरीक्षण में नोडल अधिकारी को नोटिस थमाया

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 13 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को जिले के कालीपीठ, चाठा एवं बेलास उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन व्यवस्था का गहनता से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेयजल, छांव, बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए. साथ ही निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र चाठा में व्यवस्थाओं में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नोडल अधिकारी नरेश मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इसके साथ ही उन्होंने उपार्जन केंद्रों पर खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए.